कोटद्वार,बुधवार
24 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 262 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ीं

रांची ,झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम सोरेन को 27 से 31 जनवरी के बीच फिर से अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। ईडी ने शनिवार को यानी 20 जनवरी को सीएम आवास पर ही सोरेन का बयान दर्ज की थी। कड़ी सुरक्षा के बीच पहली बार की पूछताछ में ईडी करीब 7 घंटे तक सोरेन से सवाल करती रही और उनका बयान लेती रही। ईडी की ओर से यह पूछताछ ऐसे समय में की गई जब वो सोरेन को 7 समन जारी कर चुकी थी। 7 बार समन जारी होने के बाद सोरेन ने चि्ी लिखकर ईडी के अधिकारियों से उनके आवास पर आकर बयान दर्ज कराने के लिए कहा था। ईडी जिस समय सोरेन से पूछताछ कर ही थी उस समय सोरेन सरकार में शामिल सत्ताधारी सभी विधायकों और कैबिनेट मंत्रियों को रांची में रहने का निर्देश दिया गया था। सीएम आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी नजर आई थी। ईडी की पूछताछ के बाद सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रविवार को आरोप लगाया कि सीआरपीएफ के लगभग 500 जवानों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में उस समय बिना अनुमति के घुसने की कोशिश की। झामुमो ने कहा कि सीआरपीएफ की ओर से यह कोशिश तब की गई जब ईडी के अधिकारी सोरेन से पूछताछ कर रहे थे। पार्टी ने मामले की जांच की मांग भी की। ईडी की माने तो यह मामला राज्य में माफिया द्वारा भूमि स्वामित्व में अवैध परिवर्तन के एक बड़े गिरोह से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अब तक 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2011 बैच के अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं जो राज्य के समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त के रूप में कार्यरत थे।

### कांग्रेस आलाकमान विभिन्न नियुक्तियों पर हमारे सुझाव नहीं ले रहा : कर्नाटक गृह मंत्री

बेंगलुरु ,कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियों पर उनके सुझावों पर विचार नहीं करने के लिए पार्टी आलाकमान के खिलाफ निराशा व्यक्त की। जी. परमेश्वर ने पत्रकारों को बताया, बोर्डों और निगमों में अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियों के संबंध में किसी ने हमारी राय नहीं मांगी। मुझसे कुछ नाम उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था और मैंने इसे पार्टी आलाकमान को दे दिया। लेकिन, जब सूची को अंतिम रूप दिया गया तो कोई बैठक नहीं बुलाई गई या राय नहीं मांगी गई।राज्य के गृह मंत्री ने कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम जिला स्तर के नेताओं और उनके योगदान के बारे में बेहतर विचार रखते हैं। चयन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को करना है। उन्हें जिला स्तर के नेताओं से विचार–विमर्श कर सूची तैयार करनी चाहिए। लेकिन सूची महासचिव द्वारा तैयार की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, लिस्ट में बेवजह देरी हो रही है। मैं आठ साल तक प्रदेश अध्यक्ष भी रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व को बताया राम राज्य का महत्वः महाराज



देहरादून। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य, दिव्य और नव्य श्रीराम मंदिर के गर्भ ग्रह में वैदिक विधि विधान से रामलाल के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का अवसर मिलना हमारे लिए गर्व की बात है।

उक्त बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राष्ट्र संत सतपाल महाराज ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रतिभाग कर कहीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलाल के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में ष्देवत्व से देश की ओर और राम से राष्ट्र की ओर का संदेश गया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और राष्ट्र संत सतपाल महाराज ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर देश विदेश के साधु संतों के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्री रामलला के दर्शन करने के बाद कहा कि अवधपुरी के साथ–साथ पूरा विश्व राममय हो गया है।

महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में प्रतिभाग कर राजनीति में धर्म और लोकनीति का संदेश देने के साथ–साथ पूरे विश्व को रामराज्य की अवधारणा से भी अवगत कराया है।

### गुवाहाटी में रोकी गई राहुल गांधी की न्याय यात्रा, पुलिस और समर्थकों में झड़प

गुवाहाटी ,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज गुवाहाटी पहुंची, जिसे असम पुलिस ने रोक दिया है। दरअसल राहुल काफिले के साथ गुवाहाटी शहर में जाना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सडक़ पर बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद कांग्रेस समर्थक पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। कांग्रेस का दावा है कि राहुल गांधी की योजना गुवाहाटी में रोड शो या पदयात्रा करने की थी, लेकिन सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। राहुल गांधीआज कामरूप जिले के दमदमा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर के लंच के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा बरपेटा जिले में पदयात्रा करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बैरिकेड लगा कर रोके जाने पर कहा, आज असम में जिस रास्ते से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलनी है। इसी रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली लेकिन हमारी पदयात्रा को रोक दिया गया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं। इसलिए ये मत सोचिए कि कांग्रेस का कार्यकर्ता कमजोर है।

### मेयर चुनाव : हाईकोर्ट 6 फरवरी पर सहमत नहीं

चंडीगढ़ ,मेयर चुनाव को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में आज दो याचिकाओं पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन से कहाकि चुनाव के लिए 6 फरवरी बहुत लंबा समय है और कल 24 जनवरी को चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दें कि चुनाव कब होंगे। वरना चुनाव की डेट कोर्ट तय करेगी। हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर अब दोबारा कल 24 जनवरी को सुनवाई होगी।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव 18 जनवरी को मतदान से आधे घंटे पहले पीठासीन अधिकारी के बीमार होने की वजह से पोस्टपोन कर दिया गया था। इसके खिलाफ मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उसी दिन चुनाव करवाने की मांग की थी। 19 जनवरी को कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान चंडीगढ़ प्रशासन ने 6 फरवरी को चुनाव कराने को लेकर एक नोटिफिकेशन दी थी।

# उत्तराखंड रोडवेज ने धामी सरकार के गुड गवर्नेंस पर लगाई मुहर

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के गुड गवर्नेंस को उत्तराखंड रोडवेज (परिवहन निगम) ने धरातल पर उतारकर राज्य में नई नजीर पेश की हैं। निगम ने धामी सरकार के ढाई साल में न केवल 20 साल के घाटे को मात दी, बल्कि रिकॉर्ड 56 करोड़ का मुनाफा कमाकर रोडवेज की बसों को नई रफ्तार दी हैं। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने आज सचिवालय में परिवहन निगम के सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी एवं प्रबंध निदेशक डॉ आनद श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राज्य बनने के करीब तीन साल बाद यानी 2003 में उत्तराखंड परिवहन निगम उत्तर प्रदेश से अलग होकर अस्तित्व में आया। इस दौरान रोडवेज के हिस्से यूपी से नई, पुरानी करीब 957 बसें आईं। नए राज्य में नई व्यवस्था से रोडवेज का संचालन शुरू हुआ। लेकिन खटारा बसें, खराब सड़कें, कुप्रबंधन और यूपी की देनदारी से परिवहन निगम लगातार



घाटे में चलता गया। इससे परिवहन निगम के सामने नई बसों की खरीद, संचालन और कर्मचारियों को वेतन देने तक के लाले पड़ गए। इस बीच मार्च 2020–21 में तो कोरोना संक्रमण काल ने निगम की कमर तोड़ कर रख दी। इस दौरान निगम का घाटा 2020 से पहले 250 करोड़ से 2022 तक सीधे 520 करोड़ तक पहुंच गया। इससे निगम की हालत खराब होती गई। इसी दौरान राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने कमान संभाली और सभी विभागों को गुड गवर्नेंस के साथ काम करने का फरमान दिया। चूंकि परिवहन निगम आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवा थी, मुख्यमंत्री धामी ने इसकी खुद समीक्षा की और सुधार की जिम्मेदारी दी गई।

# राम मंदिर आम लोगों के लिए खुलते ही दर्शनों को उमड़ा भक्तों का सैलाब, रात से ही लगने लगी थी लंबी लाइनें

अयोध्या ,अयोध्या में रामलला विराजमान हो चुके हैं। वहीं मंगलवार को राम लला के दर्शन करने के इच्छुक भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह तीन बजे से ही मंदिर में भक्तों की कतार लग गई थी। इनमें से अधिकांश वे लोग हैं जो सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आए थे और मंदिर में पूजा करने के लिए रुक गए। मंदिर में कतार लगाने वालों में बड़ी संख्या में साधु–संत भी शामिल हैं। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि भीड़ अभूतपूर्व थी और उन्होंने जिला प्रशासन से उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने और व्यवस्थाएं जारी रखने का आग्रह किया है। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, हमें उम्मीद है कि दिन के दौरान अधिक भीड़ होगी जब स्थानीय लोग दर्शन के लिए आना शुरू करेंगे।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला के दर्शन पूजन के एक विधान बनाया है। इस विधान के





मुताबिक पहले की ही तरह रामलला की पांच बार आरती होगी। इसकी शुरुआत सुबह चार बजे होने वाली श्रृंगार आरती के साथ होगी और शाम 7 बजे सांध्य आरती होगी। इसी प्रकार रात में 10 बजे शयन आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। हालांकि भक्तों के लिए रामलला का दरबार सुबह 8 बजे खुला।

इसके बाद अपने आराध्य को निहारने के लिए भक्तों को अवसर मिला। ट्रस्ट की ओर से जारी दिशा निर्देश के मुताबिक आज दोपहर एक बजे से 3 बजे तक रामलला का दर्शन बंद रहेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक दोपहर में करीब एक बजे रामलला की मध्यान्ह भोग आरती होगी। इसलिए कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इस बीच रामलला के दर्शन पूजन के लिए मंदिर परिसर में सुबह तीन बजे से ही भक्तों का जुटान शुरू हो गया है।

### अयोध्या जाने वाली यूपी रोडवेज की बसों को रोका

नई दिल्ली , राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बाद मंगलवार को पूजा–अर्चना के वास्ते उमड़ी भारी भीड़ के बाद अयोध्या की ओर जाने वाले सभी वाहनों और पैदल श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने एडवाइजरी जारी करके श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 23 जनवरी को मंदिर में भारी भीड़ के मद्देनजर अयोध्या धाम न आएं। अयोध्या राम मंदिर में भारी भीड़ को देखते हुए अयोध्या जाने वाली यूपी रोडवेज की सभी बसें रोक दी गई हैं।

# डीएम सोनिका ने किया परेड मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण व परेड रिहर्सल का अवलोकन





देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने परेड ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परेड मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साज सज्जा सहित सीटिंग प्लान एवं परेड एवं कार्यक्रम स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि मंचासीन एवं दर्शक दीर्घा में बैठे सभी गणमान्य, आंगतुकों, दर्शकों को आयोजित कार्यक्रम को दखने हेतु सुगम सुविधा हो इस बात को मध्यनजर रखते हुए सुविधा बनाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल परेडग्राउण्ड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण करें। तथा कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग, विद्युत, पेयजल सहित समुचित व्यवस्थाएं चाक चैबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले माननीय, गणमान्यों, उच्च अधिकारीगणों की सीटिंग व्यवस्था सहित जनमानस के लिए सीटिंग व्यवस्था तथा कार्यक्रम के दौरान पार्किंग, यातायात सुरक्षा आदि समुचित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों आदि कार्यक्रमों को योजनावार व्यवस्थित ढंग से कराने के साथ ही निमंत्रण के अनुसार गेट पर आने जाने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग आदि सभी व्यवस्थाएं देख लें।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना में स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी

देहरादून। शिवसेना उत्तराखंड ने प्रदेश भर शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्मदिन मनाया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवसेना देहरादून ने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को खाद्य और शिक्षण सामग्री बांटी। शिवसेना राज्य प्रमुख गौरव कुमार ने बताया कि आज पूरा विश्व इन महान विभूतियों के जन्मदिन को मना रहा है। उन्होंने कहा कि जहां देश के बहारी दुश्मनों से लडने के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज बनाई थी, वहीं, 19 जून 1966 को बाला साहेब ठाकरे ने देश के आंतरिक दुश्मन से देश को बचाने के लिए शिवसेना का निर्माण किया। शिवसेना जिला प्रमुख अमित कर्णवाल ने कहा कि पूरा देश इन दोनों महान विभूतियों को नमन करता है। इस मौके पर शिवम् गोयल, विकास मल्होत्रा, अमित डिमरी, विजय पवार, कविता आहूजा आदि मौजूद रहे।

### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोग परेशान

विकासनगर। त्यूणी मोरी पुरोला राज्य मोटर मार्ग आबादी क्षेत्र अस्पताल बैंड से सड़क की नाली चौक होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे पैदल चलने वालों को दिक्कत उठानी पड़ी रही है। गेट बाजार से आगे आबादी क्षेत्र अस्पताल बैंड तक लगभग चार सौ मीटर में जगह–जगह गन्दा पानी सड़क में बह रहा है।

नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों को खासी दिक्कत हो रही है। आस पास रहने वाले स्थानीय लोगों को भी आये रोज गन्दगी से जूझ रहे हैं।

त्यूणी मोरी रोड से बह रहा गन्दगी नीचे एनएच रोड के साथ वन मार्ग तक गन्दगी फैलती जा रही है। स्थानीय लोगों शिव लाल पाण्डेय, भागमल शर्मा, हरपाल सिंह, विनोद चौहान, भगतराम, नागचंद, सुमित्रा, चांदराम, टीकम सिंह, हृदयसिह, इंद्र राम, आरएस बेदी आदि बताते हैं कि कही बार लोनिवि चकराता डिवीजन के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन विभाग सुध लेने को तैयार नहीं है, जिससे सैकड़ों स्कूली बच्चों, अस्पताल जाने वाले मरीजों और अन्य राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अधिशासी अभियंता ललित कुमार गोयल ने एई को त्यूणी मोरी रोड में नाली ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने भेंट की। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पहल का प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं, हमें इसका लाभ लेकर यहां पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अछूते पर्यटक स्थलों के प्रचार–प्रसार के विशेष प्रयास किए जाएं जिससे लोग इनके बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद पूरा विश्व योग, आयुर्वेद, आध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ लेना चाहता है, जिसके लिए उत्तराखंड से बेहतर और कोई स्थान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ–साथ प्रचार–प्रसार पर कार्य करने की जरूरत है। अपने प्रस्तुतिकरण में सचिव ने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत प्रथम चरण में कुमाऊं के मंदिरों में सुनियोजित विकास के कार्य किए जा रहा है। इसमें अधिकांश मंदिरों में होने वाले विकास कार्यों की डीपीआर तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एयर सफारी और जायरोकॉप्टर के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि होम स्टे के माध्यम से भी लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मार्केटिंग और प्रमोशन के लिए भी विभाग द्वारा निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर निदेशक मार्केटिंग, यूटीडीबी सुमित पंत, ओएसडी केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट सतीश बहुगुणा मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव ने की ड्रोन पॉलिसी के सम्बन्ध में अधिकारियों संग बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश की ड्रोन पॉलिसी के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है। इससे एक ओर हैली सेवा को अत्यधिक फायदे हैं, वहीं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए ड्रोन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र अत्यधिक। उन्होंने कहा कि ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए। कहा कि पिटकुल और यूपीसीएल की बहुत सी हाई टेंशन और लो टेंशन लाइन्स को ध्यान में रखते हुए यूपीसीएल और पिटकुल से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन पॉलिसी का प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही प्रदेश के युवाओं को ड्रोन के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है। कहा कि प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों से ड्रोन के विभिन्न प्रकार के कोर्स कराए जा सकते हैं।

### जयंती पर नेता सुभाष चंद बोस को किया याद

विकासनगर। नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पछुवादून विकास मंच की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्खनवाला में गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान छात्र–छात्राओं को नेताजी और स्वतंत्रता संग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने छात्र–छात्राओं को बताया कि सुभाष चंद्र बोस को देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के तौर पर जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया, उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया, जबकि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा उस दौर के युवा में जोश भरने के लिए काफी था। बताया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी सन 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया उसके पश्चात भी देश प्रेम की भावना उनमें कूट–कूट कर भरी थी।



### सीएम धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद हिन्द फौज के नेतृत्वकर्ता, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्र की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

# पलायन को मात : नौकरी छोड़ गांव में अपनाई खेती, युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

**◈रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम रौतखोली निवासी रामकृष्ण कर रहे गांव में खेती ◈बंजर भूमि को आबाद कर प्रतिवर्ष कमा रहे लाखों रुपये, बगीचा भी कर रहे तैयार**

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जिस गांव को ग्रामीणों ने छोड़ दिया था। आज रामकृष्ण लखेड़ा उसी गांव में रिवर्स पलायन कर ग्रामीणों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। रिखणीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम रौतखोली निवासी रामकृष्ण लखेड़ा एक वर्ष में बंजर खेती को उपजाऊ कर लाखों रुपये की सब्जी बेच चुके हैं। यही नहीं, रामकृष्ण अब उद्यान विभाग की मदद से गांव में फलों का बगीचा भी तैयार कर रहे हैं।



रिखणीखाल के रौतखोली गांव में अपने खेतों से सब्जी तोड़कर लाते रामकृष्ण लखेड़ा व उनकी पत्नी

करीब एक दशक पूर्व ग्राम रौतखेली में पचास से अधिक परिवार रहते थे। लेकिन, गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण ग्रामीण लगातार अपनी पैतृक भूमि को छोड़ते चले गए। नतीजा एक समय ऐसा आया कि गांव में मात्र दो ही परिवार रह गया। ऐसे में दिल्ली की एक निजी कंपनी में काम करने वाले रामकृष्ण लखेड़ा ने नौकरी छोड़कर परिवार के साथ गांव में बसने का निर्णय लिया। कुछ वर्ष पूर्व गांव लौटे रामकृष्ण ने बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ किया और इसे अपनी आर्थिकी का जरिया बनाया। वर्तमान में रामकृष्ण सब्जियों के साथ ही फलों के बगीचा लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने बाकायदा सुरक्षा दीवार का निर्माण करना भी शुरू कर दिया है।

### जानवर बन रहे चुनौती

रामकृष्ण बताते हैं कि उनका गांव पलायन की मार झेल रहा है। ऐसे में जंगली जानवरों से फसल व सब्जी को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि इसके लिए उन्होंने तारबाड़ की हुई है। बताया कि उनकी सब्जी बिकने के लिए सतपुली बाजार जाती है। उनसे प्रेरणा लेकर आसपास गांव के युवा भी खेती की ओर अपना रुख कर रहे हैं।

## जयंती पर सुभाष चंद्र बोस के योगदान को किया याद



नेताजी सुभाष चंद्रबोस को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी व प्रधानाचार्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को नेता जी सुभाष चंद्र बोल के योगदान के बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी व छात्र संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि माँ भारती के वीर सपूत महान देश भक्त, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को पश्चिम बंगाल के कटक में हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उन्होंने देशवासियों का आह्वान किया कि यूयं मह्यम रक्तम अर्पयत, अहं तुभ्यं स्वतन्ततां दास्यामि अर्थात् तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र संसद के पदाधिकारी, एनएसएस के स्वयं सेवी तथा अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आजाद हिंद फौज के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेसियों ने देश हित में सुभाष चंद्र बोस के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धंजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के संघर्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचारों और तदनुरूप संघर्ष से नई ऊर्जा का सृजन हुआ। उनके द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज के स्वतंत्रता संग्राम में दिए योगदान को देश कभी नहीं भुला पायेगा। उनके चलो दिल्ली और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान दिया था। इसी कारण उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में वरिष्ठ




कांग्रेस कार्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोल का श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

उपाध्यक्ष बलबीर सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह गुसाईं, अमित राज सिंह, अनिल चौधरी, राजा आर्य, मो. जावेद, कृपाल सिंह नेगी, संदीप रावत, विनोद नेगी, सुनील कुमार और मनोज रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भुलाया नहीं जा सकता नेता जी का योगदान



नेता जी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड क्रंति दल की स्थानीय इकाई ने शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि देश हित में दिए गए नेता जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर दल के संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका कहना था कि अन्याय सहना व अन्यायों के साथ समझौता करना अपराध है। उन्होंने जीवन में संघर्ष और उच्च विचारों को महत्व दिया और स्वतन्त्रता संग्राम में महानायक की भूमिका निभायी। स्वतंत्रता संग्राम में आजाद हिंद फौज के योगदान को कभी भी भुलाया जा सकता। विचार व्यक्त करने वालों में प्रवेश चन्द्र नवानी, पुष्कर सिंह रावत, गोविंद डंडरियाल, सर्वेंद्र काला, भारत मोहन काला, विनोद चौधरी, इन्दु नौटियाल, रमेश कोठारी, राजेंद्र पंत, प्रभाकर ध्यानी, मेहरबान सिंह नेगी, सतीश टम्टा आदि सम्मिलित थे।

## राम काव्य का हुआ संजीतमयी वाचन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर डा. वेद प्रकाश शैवाल द्वारा रचित श्री राम काव्य का संगीतमयी वाचन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रीमती कामिनी माहेश्वरी शैवाल स्मृति ट्रस्ट की ओर से नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री राम काव्य का वाचन जनार्द्धन बुड़ाकोटी, डा. मनोरमा ढौंडियाल, शशिभूषण अमोली, जयप्रकाश केष्टवाल, कोशल्या जखमोला, अनुसूया डंगवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, मनीराम शर्मा, ऋषि कंडवाल, चंद्र प्रकाश नैथानी, नंद किशोर ढौंडियाल, महेंद्र अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, संजय मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, दिनेश जुयाल, ललन बुड़ाकोटी, रेनू माहेश्वरी, कुसुम सुंडली, रेखा माहेश्वरी, पूजा लड्ढा, विजय माहेश्वरी, शालिनि माहेश्वरी, सुनीता माहेश्वरी, सचिन माहेश्वरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान साहियांचल की ओर से पाठ करने वालों को अंगवस्त्र भेंट किए गए।

### आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग

पौड़ी : राष्ट्रवादी रीजिनल पार्टी ने रैली निकालकर अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। इससे पहले बद्रीनाथ धर्मशाला में आयोजित बैठक में मूल निवास, भू-कानून को लेकर पौड़ी जिले की सभी तहसीलों में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया।

## आईएचएमएस के छात्र-छात्राओं ने सीखे उद्यमिता में भविष्य बनाने के गुर

### राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप शुरु

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप शुरु हो गया। कैंप में इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) के करीब 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जानकी पंवार ने दीप प्रज्जवलित कर कैंप का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं से नौकरी करने की अपेक्षा स्टार्टअप के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने के साथ अन्य लोगों को नौकरी देने के लिए कार्य करने की अपील की। कहा कि आज लोग सरकारी नौकरी के पीछे भाग रहे हैं, जबकि खुद का स्टार्टअप के माध्यम से कई युवा आज सरकारी नौकरी करने वालों से कहीं आगे निकल गए हैं। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात से पहुंचे विशेषज्ञ डॉ. दीपक चौहान ने छात्र-छात्राओं को छोटे स्तर से स्टार्टअप से उद्यमी बनने के गुर सिखाए। उन्होंने साथ ही देश के जाने में उद्यमियों के संघर्ष की कहानी के माध्यम से छात्रों को स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. एमडी कुशवाहा, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. हर्षित शर्मा, डॉ. नवीन किशोर, डॉ. सिद्धांत नौटियाल, डॉ. प्रदीप भट्ट, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. शोभा रावत, डॉ. मुकेश रावत, शैवाल रावत आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में भाग लेते आईएचएमएस के छात्र

## एक नजर

### पांच छात्रों ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के 5 छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विभाग के सदस्यों ने खुशी जताई है। विभाग के छात्र मेघना, सरथ, मुहम्मद शरीफ, तस्लीमा जलील ने अपने तृतीय सेमेस्टर में ही इस वर्ष समाजकार्य विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं समाजशास्त्र विषय में शोध छात्र विपिन कुमार ने भी समाजशास्त्र विषय में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है छात्रों की इस सफलता पर विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल ने छात्रों की सफलता का श्रेय समाजकार्य विभाग में नवनियुक्त प्राध्यापकों को दिया है। उन्होंने बताया कि विभाग की नवीन फैकल्टी द्वारा सप्ताह में एक दिन छात्रों की यूजीसी नेट परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रखा गया था, जिसमें उन्हें स्किल डेवलपमेंट संबंधी जानकारी भी दी जाती थी। इसी का परिणाम है कि छात्रों द्वारा अपने समाजकार्य स्नातकोत्तर के साथ ही नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस सफलता पर विभाग के नवीन प्राध्यापकों ने बताया कि अध्ययन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, कैंपस प्लेसमेंट के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास जारी रहेंगे ताकि विभाग के छात्र और अधिक संख्या में नेट जेआरफ व कैंपस प्लेसमेंट पाएं। छात्रों की इस सफलता पर प्रो. जेपी भट्ट, डॉ. उमा बहुगुणा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नितिन बिष्ट, डॉ. हनुमंत वागमारे, डॉ. नरेंद्र चौहान, सतीश गुसाईं व विभाग के सभी शोध छात्रों ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

### श्रीनगर में दर्जनों लोगों ने भाजपा का दामन थामा

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा श्रीनगर मंडल के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा श्रीनगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की उपस्थिति में व्यापारी, अल्पसंख्यक एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए लोग भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर विधानसभा से कई लोग भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहाकि भाजपा के प्रति लोगों की रूचि को देखते हुए लोकसभा चुनाव से पहले अलग-अलग मंडलों में कार्यक्रम रखकर सभी को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। साथ ही पौड़ी भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कहा कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में डॉ. धन सिंह रावत के द्वारा कराए जा रहे कार्यों के कारण ही लोगों में भाजपा के प्रति रूचि बढ़ी है। भाजपा में शामिल होने वालों में श्रीकोट गंगा नाली की दो बार प्रधान राजेश्वरी रावत, गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेम बल्लभ नैथानी, मथुरा प्रसाद सिलोड़ी, रंगकर्मी विमल बहुगुणा और अन्य लोग रहे। इस मौके पर जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, ऊषा कंडारी, वासुदेव कंडारी, दिनेश असवाल, सुधीर जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### नगर पंचायत से गांव को पृथक किया जाय

चमोली : नगर पंचायत थराली में सम्मिलित वार्ड-2 के ग्रामीणों ने नगर पंचायत थराली से पृथक करने की मांग की है। वार्ड-2 के ग्रामीणों ने नगर पंचायत से पृथक करने को लेकर उप जिलाधिकारी थराली के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक विज्ञापन भेजा है, जिसमें कहा गया है कि देवराडा को नगर पंचायत से पृथक किया जाए।मंगलवार को नगर पंचायत के वार्ड-2 के ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने उप जिलाधिकारी थराली के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को विज्ञापन भेजा है, जिसमें कहा गया है कि वार्ड-2 जो की पूर्व में ग्राम पंचायत देवराडा था, नगर पंचायत में नहीं रहना चाहता है।

# विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप पर रोष, दिया धरना

### जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहरी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित उत्तराखंड अरबन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) की ओर से विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप करने पर जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने रोष व्यक्त किया है। मोर्चा ने धरना देते हुए जल्द हस्तक्षेप को समाप्त करने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वह आंदोलन को तेज करेंगे।

मंगलवार को जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जल निगम व जल संस्थान कर्मियों ने धरना दिया। कहा कि यूयूएसडीए का हस्तक्षेप लगातार विभागीय कार्यों में बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कई विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को बनाई गई व्यवस्थाएं भी बेपटरी होती जा रही है। कहा कि यदि यूयूएसडीए दोबारा हस्तक्षेप करता है तो मोर्चा प्रदेश स्तरीय आंदोलन चलाने को मजबूर होगा। कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर आशीष थपलियाल, कोमल बिष्ट, दीपक गुसाईं, नितिन जखमोला, अंकित कंडवाल, नागेंद्र सिंह नेगी, संदीप रावत, राजेंद्र सिंह, उमेश चंद्र, गीता देवी, मंजू रौतेला, प्रदीप नेगी, दीपक रावत, आशीष गौड़, नरेंद्र नौडियाल, अनुराग सिंह, नंदन सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के पेयजल निगम कार्यालय में धरना देते जल संस्थान संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मी

### सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम 25 जनवरी को

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के डागर ग्राम सभा स्थित खैरालिंग मल्डमहादेव की भूमि इन दिनों भक्तिमय माहौल में डूबी हुई है। आस-पास के गांव से भक्त हर दिन आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। पिछले पांच दिनों से जारी जात में सुबह देव नृत्यों के साथ पश्वा चार पहरों (दो दिन और दो रात) में लगने वाले बाजे को सुनने व देखने आ रहे हैं।

इस दौरान मंदिर प्रांगण में देव पश्वा अवतरित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दे रहे हैं। जात में स्थानीय महिलाओं व महिला मंगल दलों द्वारा कीर्तन भजनों की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण व मल्ड महादेव समिति सदस्य अरुण नेगी ने बताया कि करीब 12 सालों बाद आयोजित हो रही मल्ड महादेव की जात में प्रतिदिन भक्त आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना हुआ हुआ है। नेगी ने बताया कि बीते 18 जनवरी से शुरू हुई जात का समापन आगामी 26 जनवरी को होगा। साथ ही 25 जनवरी को युवा लोकगायक मृणाल रतूड़ी व अंजू नेगी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बड़ी संख्या में सभी लोगों से जात में आने आह्वान किया है। (एजेंसी)

## कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने किया 70 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री व श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को श्रीनगर विधानसभा के विकासखंड पाबौ के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किये। उन्होंने 70 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर रूप से विकास कार्यों की ओर कार्य कर रही है। इस दौरान मंत्री ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, नंदा गौरा कन्या धन योजना, उज्जवाला गैस कनेक्शन व मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किटों का वितरण भी किया।

कैबिनेट मंत्री ने ने भ्रमण के दौरान सरणा गांव में रामलीला मंच का 10 लाख की लागत से लोकार्पण, राजकीय महाविद्यालय पाबौ के नवनिर्मित भवन का 450.58 लाख व 10 लाख की लागत से ग्राम छानी के बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने पाबौ में छात्रावास का 385.37, मुख्य सड़क से राजकीय महाविद्यालय पाबौ से खुडेश्वर तक इंटर लॉकिंग सड़क के निर्माण कार्यों का 118.45 लाख, 86 गांवों हेतु पाबौ-बिडोलस्यूं ग्राम समूह पेयजल पंपिंग योजना का 4583.87 लाख, खुडेश्वर शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण के कार्यों का 10 लाख, राजकीय इंटर कॉलेज विशल्ड की प्रयोगशाला का 23 लाख, राप्रावि सपलोड़ी के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य 5 लाख, राप्रावि चोपड़ियूं में 5 लाख की लागत से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में खुडेश्वर मैदान में लोक गायिका हेमा करासी नेगी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष मातवर सिंह रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, खंड शिक्षा अधिकारी अमित चौहान सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए।

### थलीसैंण में उत्साह का माहौल रहा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर थलीसैंण ब्लाक में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान थलीसैंण मुख्यालय में मंदिर में अखंड पाठ एवं मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम किया गया, इसके बाद कलश यात्रा, श्री राम की झांकी निकाली गई। इन कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में कलश यात्रा, मंदिरों में पूजा, अर्चना भंडारे का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोटियाल, तहसीलदार आनंदपाल, अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र रावत, आनंद नेगी, राकेश ममगांई, श्याम सिंह रावत, आशाराम पोखरियाल, सत्येंद्र सेमवाल, बालम सिंह नेगी, सत्येंद्र रावत, सुशील धस्माना, संजय पोखरियाल, राखी, रश्मि, रोशनी, निर्मला, सीमा आदि शामिल रहे।

# जलवायु परिवर्तन के साथ फसलों में परिवर्तन करने के टिप्स दिए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) की ओर से जलवायु अनुकूल कृषि (सीएसए) को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषज्ञों ने बदलते मौसम पर चिंता जताई

। इस मौके पर रीप आजीविका के सहायक प्रबंधक धनीलाल उनियाल ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से किसानों को रसायन मुक्त व जैविक खेती करने की आधुनिक विधियां बताई। उन्होंने फसलों को बचाने के लिए मित्र फसल की तकनीक पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को अभी से जलवायु परिवर्तन के साथ फसलों में भी परिवर्तन करने के टिप्स दिए।

ब्लाक सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख दीपक कुकशाल ने किया। उन्होंने किसानों को जलवायु परिवर्तन के साथ खेती में भी बदलाव करने को प्रेरित किया।

रीप आजीविका के सहायक प्रबंधक धनीलाल उनियाल ने कहा कि अधिक ऊंचाई वाली जगहों पर मंडुवा, झंगोरा आदि पारंपरिक फसलों को खेती अधिक कारगर होगी। जिसमें कम पानी के साथ कम मेहनत भी लगती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रशिक्षक जिले के सभी 15 ब्लॉकों में आयोजित किया जा रहा है। बताया कि जलवायु परिवर्तन का यही आलम रहा तो आने वाले दशक में फसलें करीब आधी ही रह जाएंगी। जलवायु परिवर्तन एवं पर्वतीय कृषि पर इसके प्रभाव व बचाव, फसल वर्गीकरण, भू-परिष्करण, पौधशाला प्रबंधन, जल प्रबंधन, मलचिंग व पलवार, फसल उन्नत प्रजाति, पादप पोषण व एकीकृत कृषि आदि को लेकर काश्तकारों को तकनीकी जानकारियां दी जाएंगी।

### 10 सूत्रीय मांगों लेकर किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सीटू से संबद्ध विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने बिजली, पानी का निजीकरण बंद करने के साथ ही ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियनों के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए सीटू के जिला सचिव देवानंद नौटियाल, कोषाध्यक्ष टीका प्रसाद पोखरियाल ने बताया कि केंद्र में जितनी भी सरकारी बनी मजदूर व नागरिकों के जीवन स्तर पर कोई रचनात्मक सुधार नहीं कर पाई। कहा कि उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार बिजली व पानी का निजीकरण कर रही है। उन्होंने इस दौरान ठेका प्रथा समाप्त करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वालों में धीरेंद्र सिंह, शिखा कोली, बीना देवी माहेश्वरी ज्योति रोशनी बुद्धि मंजु एवं नीमा रावत आदि शामिल रहे।

## विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने पर भड़के लोग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बिलकेदार, नकोट, सहित दिगोली में लम्बे समय से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न आने पर स्थानीय लोगों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से नगर निगम के बिलकेदार, नकोट, जनासू, दिग्गोली, धनचड़ा को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी बिपेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद बडोनी, सूरज प्रकाश, बहादुर सिंह भंडारी, संदीप सिंह रावत, अनूप सिंह चौहान, सुमित शर्मा, मुकेश सिंह नेगी, विनोद सिंह रावत ने कहा कि बीते दिन अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलिकास्ट हर जगह देखा गया। लेकिन नगर निगम के बिलकेदार, नकोट, जनासू, दिग्गोली, धनचड़ा में विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोग मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण नहीं देख सके। उन्होंने कहा कि लोग यहां नये-नये उद्योग लग रहे हैं। लेकिन विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहा कि रात्रि में भी विद्युत आपूर्ति ठप रहने से जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कहा कि इस संदर्भ में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग द्वारा आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं कि जाती है तो स्थानीय जनता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ सचिन सचदेवा ने बताया कि इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आयी है। (एजेंसी)

### प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

चमोली : सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन पर 10 सूत्रीय मांग पत्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जनपद चमोली के विभिन्न विकास खंडों में सीटू से संबंद्ध विभिन्न जन संगठनों व श्रमिक संगठनों द्वारा जनता के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला मुख्यालय चमोली पर संगठन के जिला महामंत्री मनमोहन रौतेला और जिलाध्यक्ष मदन मिश्रा ने जन हस्ताक्षरित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी चमोली के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा। (एजेंसी)

# संकुल प्रभारी पारदर्शिता, समयबद्धता एवं परस्पर संवाद बनाये रखें

## मुख्य शिक्षा अधिकारी ने की समग्र शिक्षा एवं पीएम पोषण योजना के कार्यो की समीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि रूद्रप्रयाग : समग्र शिक्षा एवं पीएम पोषण योजना के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र कुमार बिष्ट ने संकुल प्रभारियों को निर्देश दिए कि नौनिहालों के लिए अनुमन्य हर योजना का भरपूर लाभ छात्रों को मिले इसके लिए पारदर्शिता, समयबद्धता एवं परस्पर संवाद बनाये रखना होगा। उन्होंने हर पोलिंग बूथों पर जरूरी मूलभूत सुविधाये समय से जुटाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण करने को कहा।अटल आदर्श राजकीय इण्टर कालेज के सभागार में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने समग्र शिक्षा एवं पीएम पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा की। पीएम पोषण की समीक्षा करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी ने दैनिक एसएमएस प्रणाली को प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत विद्यालयों से नियमित एसएमएस करवाये जाय, प्रत्येक विद्यालय में कीचन गार्डन विकसित करने, विद्यालयों पर पीएम पोषण लोगों, भोजन मेन्यू एवं टोल फ्री नम्बर अनिवार्य अंकित करने को कहा। उन्होंने कहा कि भोजन माताओं का चयन एवं पृथ्थकरण शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुसार ही किया जाय। इसके अतिरिक्त विद्यालय स्तरीय ब्याज, बोरा नीलामी, विशेष भोजन, सोसियल आडिट, गैस संयोजन, फूड टेस्ट पंजिका एवं मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना को प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। संकुल वार विद्यालयवार आवंटित धन व व्यय की समीक्षा करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी ने विभागीय कार्यों में वित्तीय पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने समग्र शिक्षा के सभी कार्यो का समय से कार्यदेश एवं आवंटित धनराशि का ब्यौरा विद्यालयों को उपलब्ध करने को कहा। अवर अभियन्ता को निर्माण कार्यो के स्थलीय निरीक्षण करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी यशवीर सिंह रावत ने विद्यालय स्तर पर परिसम्पती पंजिका रावत ने विद्यालय स्तर पर परिसम्पति पंजिका बनाये जाने, कम्प्यूटर, फर्नीचर आपूर्ति की अंकना स्टौक पंजिका मे अनिवार्य रूप से करने को कहा। डीईओ ने संकुल समन्वयकों से अपने-अपने संकुल के विद्यालयों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए परस्पर संवाद स्थापित करने को कहा। बैठक में सहायक वित्त अधिकारी अनुज भद्री, डीसी आशुतोष गौड, प्रेरणा रतूडी, पीएम पोषण प्रभारी बीरेन्द्र कठैत, जिला समन्वयक गणेश प्रसाद, अवर अभियंता, बबी रावत के अलावा सनोध दुमागा व जिले के संकुल प्रभारी मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण हेतु 25 जनवरी को होगी भर्ती परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मारुति सुजुकी प्रा.लि. गुड़गांव हेतु टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा दो वर्षीय सीटीएस कोर्स में प्रशिक्षण हेतु 25 जनवरी, 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय चमोली में भर्ती परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी मुकेश प्रसाद रयाल ने बताया कि चयनित युवाओं को कंपनी में प्रशिक्षण के दौरान 15200/- (पन्द्रह हजार दो सौ) मानदेय एवं नियमानुसार अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# नारी की चंडिका देवी से आशीर्वाद ले रहे ग्रामीण

रुद्रप्रयाग : तल्लानागपुर क्षेत्र की नौज्यूला मां चंडिका देवी ने दुर्गाधार क्षेत्र में भ्रमण कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए अपने भक्तों की कुशलक्षेम पूछी। नारी की चंडिका देवी बीते लम्बे समय से देवरा यात्रा पर है। देवी अनेक जगहों पर भ्रमण कर भक्तों की कुशलक्षेम पूछ रही है साथ ही उन्हें खुशहाली का अशीष दे रही है। बीते दिन अयोध्या में रामलला के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर मां चंडिका बोरा गांव पहुंची जहां ग्रामीणों ने देवी का फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्राम प्रधान जयंती गुसाई ने अपने घर पर पंचायत चौक में संपूर्ण ग्राम सभा के नेतृत्व में मां भगवती के चरणों में भेंट अर्पित की। देवी के साथ पहुंचे सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस मौके पर संध्या कालीन पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान कई देवी देवता अवतरित हुए। नौज्यूला मन्दिर समिति के अध्यक्ष दीक्ष सिंह रावत ने बताया कि मां भगवती चंडिका देवी 17 नवंबर को देवरा निकली थी, जबकि देवरा का तीसरा महीना चल रहा है। पूरब दिवारा संपन्न होने के बाद देवी उत्तर दिवारे में भ्रमण कर रही हैं। बताया कि ढाई सौ गांवों का भ्रमण पूरा कर दिया गया है जबकि पश्चिम दिवारे को पूरा होते ही मां भगवती के मन्दिर के ऊपर बडम तोली मे विधी विधान के साथ पूजा के साथ बन्याथ पूरी होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान जयंती गुसाई, सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह गुसाई, मानेंद्र कुमार, महाबीर सिंह गुसाई, प्रेम सिंह कठैत, जीतपाल सिंह गुसाई, मानवेंद्र सिंह गुसाई, सुनीता देवी, बबीता गुसाई, रोशन लाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, दीपक कुमार, रविंद्र गुसाई, कुलदीप सिंह गुसाई, दशरथ सिंह गुसाई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

## जिला पंचायत की बैठक 30 को

नई टिहरी : जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल की सामान्य बैठक आगामी 30 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभागार में आहूत होगी। यह जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने बताया कि बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही विभिन्न विभागों से सम्बंधित समस्याओं पर विवेचना व जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की जायेगी। (एजेंसी)

# महिला कांग्रेस ने जिला उपाध्यक्ष और जिला महामंत्री की सूची जारी की

नई टिहरी : जिला महिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल की अध्यक्ष आशा रावत ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की संस्तुति पर जारी जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की सूची जारी की। उन्होंने कहा किलोक सभा चुनाव में पूरी तत्परता के साथ कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी जुटेंगे।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने बताया कि जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार शीर्ष नेतृत्व की संस्तुति पर कर दिया गया है। इसमें उपाध्यक्ष सुमना रमोला, बीना सजवाण, ममता पंवार, ममता उनियाल, लक्ष्मी रावत, गीता नेगी, शिबी भंडारी, लक्ष्मी देवी, हंसा रमोला, पूनम, अनीता नेगी, मीना देवी टम्टा व मीना शाह। जिला महामंत्री गीता सजवाण, मीना पुंडीर, रीता रावत, वृहस्पति भट्ट, नीमा नेगी, विजय लक्ष्मी, अनीता रावत, सुषमा दुमोगा, प्रकाशी राना, सीमा खरोला, ममता खरोला, गुड्डी धनाई, कमला पंवार, मीरा देवी, कविता भट्ट, मोहनी राणा, संगीता ममगाई, राजेश्वरी रमोला, रजनी शाह, रीना सेमवाल, गीता शर्मा, सीमा पंवार, गीता चौहान, ममता बंगवाल, पवना शाह, यशोदा विश्वकर्मा व लक्ष्मी बुटोला। मंत्री सपना रावत, नेहा चौहान, मनीषा राणा, स्वेता राणा, अंजु पंवार, ममता रावत, कुसुम रावत, मुनी सेमवाल, विनीता चौहान, विरोजनी, कमला रावत, प्रीती भट्ट, आशा तोपवाल, सुनीता वाल्मीकी, अनीता शाह, बबीता थपलियाल, प्रर्मिला वर्मा, गीता नौटियाल, नीलम नेगी व मीनाक्षी। ब्लाक अध्यक्ष प्रतापनगर सुशीला भट्ट, रजाखेत प्यारी, बालगंगा कैलाशी देवी, भिलंगना अनीता शर्मा, चंबा रजनी भट्ट, रामगढ़ विशला देवी, थत्यूड़ रेशमा देवी, नैनबाग सरोजनी देवी व स्वैप मनीषा राणा।

# रुद्रप्रयाग को मिली अल्ट्रापोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन

## ग्राम स्तर पर कैंप लगाकर टीबी जांच होगी आसान, टीबी मुक्त अभियान में आएगी तेजी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जारी प्रयासों के बीच एक अच्छी खबर है। केंद्रीय क्षय अनुभाग, दिल्ली ने सामुदायिक स्तर पर टीबी स्क्रीनिंग की गति को तेज करने के लिए जिला क्षय नियंत्रण केंद्र रुद्रप्रयाग को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस अल्ट्रापोर्टेबल हेंडहेल्ड एक्स-से मशीन उपलब्ध कराई है। अब जहां ग्राम स्तर पर कैंप लगाकर टीबी स्क्रीनिंग आसान होगी, वहीं जनपद में टीबी मुक्त अभियान में भी तेजी जाएगी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. विमल सिंह गुसांई ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय क्षय अनुभाग ने सी-19 आरएम (रिसपॉस मकेनिजम) प्रोजेक्ट के तहत विलियम जे क्लींटन फाउंडेशन के माध्यम से नौ राज्यों को सामुदाय स्तर पर टीबी स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई है, जिसमें उत्तराखंड में एकमात्र जनपद रुद्रप्रयाग को यह मशीन उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने बताया कि एक्स-रे स्क्रीनिंग से फेफड़ों में टीबी से सबंधित असमानता की आसानी पहचान की जा सकेगी। ग्राम स्तर पर कैंप में एक्स-रे स्क्रीनिंग के जरिए प्रभावी टीबी लक्षण के बगैर ही शुरूआत में टीबी रोग का पता चल सकेगा, जिससे संबंधित का यथोचित उपचार किया जा सकेगा। इससे अधिक से अधिक टीबी रोगियों की खोज कर समय पर उपचार होने से टीबी संक्रमण को शून्य किया जा सकेगा, जिससे टीबी मुक्त भारत अभियान के संकल्प को साकार करने में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में छटीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियानह्न के तहत वर्ष 2023 में निर्धारित 06 मानकों पर खरा उतरने के बाद जनपद रूद्रप्रयाग के 44 ग्राम पंचायतों के 92 गांवों व नगरीय इलाकों के 04 वार्डों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

इस वर्ष जनपद के 108 अन्य ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत 197 गांवों को टीबी मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसांई ने बताया कि विलियम जे क्लींटन फाउंडेशन की सहयोगी संस्था लैब इंडिया हेल्थकेयर द्वारा सबंधित कामिकों को जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा व फरवरी माह से एक्स–रे मशीन के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग हेतु ग्राम स्तर पर कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

रुद्रप्रयाग : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा मनरेगा में उन्नति प्रोजेक्ट को लेकर 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को सरकारी विभागीय योजनाओं की जनाकारी दी गई। साथ ही स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर 29 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य बाजार स्थित पुराने विकास भवन में आयोजित प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार ने मनरेगा केंद्र सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य देश में रहने वाले ग्रामीण परिवारों एवं कौशल की



कमी वाले परिवारों को रोजगार प्रदान करना है। संस्थान के निदेशक केएस रावत ने कहा कि प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने रुचि दिखाकर बिजनेस से जुड़ी कई अहम जानकारियां हासिल की। जबकि पीएमईजीपी, होमस्टे, फूड प्रोसेसिंग, पॉली हाउस सहित कई बैंकिंग ऋण, बीमा की जानकारी ली। (एजेंसी)

# गणतंत्र दिवस की परेड में प्रतिभाग करेगें प्रमुख रमोला

नई टिहरी : आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाली परेड में उत्तराखंड प्रदेश से राष्ट्रीय पंचायत पुरूस्कार प्राप्त पांच पंचायत प्रतिनिधि उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जिनमें जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर ब्लाक के प्रमुख प्रदीप चंद रमोला भी सपत्नीक शामिल होंगे। पंचायती राज निदेशक निधि यादव की ओर से जारी पत्र में प्रतापनगर के ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला को सपत्नी गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड में प्रतिभाग करने को आमंत्रित किया गया है।

यह निमंत्रण भारत सरकार के पंचायतीराज विभाग के निर्देश पर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सिमलास ग्रांट देहरादून की प्रधान पूजा पाल, ग्राम बडमास वाला के प्रधान नरेंद्र तोमर, ग्राम प्रधान मठ उत्तरकाशी के प्रधान अरविंद सिंह, ग्राम पंचायत दियारी उत्तरकाशी की प्रधान सुषमा वर्मा और ब्लॉक प्रमुख पुरोला रीता पंवार को भी कार्यक्रम के लिए राज्य की ओर प्रतिभाग करने का आमंत्रण मिला है।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

www.ireps.gov.in पर देखें

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 266-DRM-MB-23-24 Date 17.01.2024 |
| कार्य का नाम | Outsourcing of manpower normally utilized as helper for USFD machines over MB division under DEN/Track/MB. |
| निविदा का प्रकार | सर्विस |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 20.02.2024 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 96,61,719.00 |
| धरोहर राशि | 1,71,000.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | 5000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 06.02.2024 |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |

टेण्डर नं. 74-W/2/WA/Publication दिनांक 23.01.2024

266/24


# पेंटिंग में जवाहर नवोदय के छात्र सिद्धार्थ ने मारी बाजी

नई टिहरी : सुभाष चंद्र बोस की जंयती को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया गया। केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित पुस्तकें और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को पराक्रम दिवस पर केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी विभिन्न विषयों पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय पौखाल के छात्रों ने प्रथम और द्वितीय स्थान स्थान हासिल किया। प्रथम पांच विजेताओं को स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित पुस्तकें और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र दिये गये। केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल ने बताया कि नई टिहरी सहित विभिन्न स्कूलों के करीब 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता प्रतिभाग किया।

केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से पीएम की किताब एग्जाम वॉरियर्स के मंत्रों के साथ चंद्रयान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भारत की खेलों में सफलता, विकसित भारत, आदित्य एल-1 विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय पौखाल के छात्र सिद्धार्थ राज ने प्रथम तथा दिव्यांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सेंट ऐंथोनी पब्लिक स्कूल की प्रतिभा भट्ट ने तृतीय, श्रेया और पयाल ने संयुक्त रुप चतुर्थ तथा नरेंद्र महिला विद्यालय बीपुरम की छात्रा काजल पांचवें स्थान पर रही। नई टिहरी पीजी कॉलेज के डॉ. गुरूपद गुसाईं, डायट प्राचार्य दीपक रतूड़ी तथा सविमं नई टिहरी के प्रधानाचार्य बीडी कुनियाल निर्णायक मंडल की भूमिका में थे। (एजेंसी)

## सम्पादकीय

# दो लाख रुपए देने का नीतीश का चुनावी जुमला

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में हुए आर्थिक, सामाजिक सर्वे के आंकड़े पेश करते हुए पिछले साल के आखिर में बिहार की भयंकर गरीबी की सचाई जाहिर की थी। उस समय उन्होंने बताया था कि राज्य में 94 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपए से कम है। ऐसे परिवार को नीतीश कुमार ने दो दो लाख रुपए देने का ऐलान किया था। अब उनकी सरकार ने इसका फैसला कर लिया है और अगले महीने से गरीब परिवारों को दो दो लाख रुपए दिए जाएंगे। सरकार ने बताया है कि लघु या कुटीर उद्योग के लिए यह पैसा दिया जाएगा और सरकार इसे वापस नहीं लेगी। यानी यह कर्ज नहीं है, बल्कि छोटा मोटा कारोबार शुरू करने के लिए अनुदान है। ध्यान रहे जिस समय नीतीश कुमार ने इसका ऐलान किया उससे थोड़े दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी, जिसक लिए कारीगर जातियों को छोटी छोटी मदद दी जाएगी ताकि वे अपना कोई काम धंधा शुरू कर सकें। नीतीश की योजना उसी का जवाब है। लेकिन भारत सरकार की योजना जहां 14 हजार करोड़ रुपए की है वहीं नीतीश कुमार की योजना दो लाख करोड़ रुपए की है। अब सवाल है कि करीब एक करोड़ परिवारों को दो दो लाख करोड़ रुपए देने के लिए बिहार सरकार के पास पैसा कहां से आएगा? बिहार सरकार का बजट दो लाख 62 हजार करोड़ रुपए का है। अगर पांच साल में दो लाख करोड़ रुपए बांटने हैं तो हर साल 40 हजार करोड़ रुपए इसमें से कहां से निकलेगा? क्या सरकार कर्ज लेगी? बिहार का कर्ज पहले से जीडीपी के 38 फीसदी तक पहुंच गया है और बजट का बड़ा हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है। तभी सरकार का दो लाख रुपए बांटने की योजना चुनावी जुमला लग रही है, जिसमें थोड़े बहुत पैसे चुनाव तक बांटे जाएंगे। पहले चरण में फरवरी में पांच लाख परिवारों को 50–50 हजार रुपए दिए जाएंगे और अप्रैल में दूसरे चरण में 20 लाख परिवारों को 50–50 हजार रुपए दिए जाएंगे। अभी इतने भर के लिए फंड आवंटित होने की खबर है। गौरतलब है कि अप्रैल–मई में लोकसभा का चुनाव है। जिनको यह पैसा मिलेगा वे इसका दूसरा इस्तेमाल न करें और जिम्मेदारी के साथ वह काम करें, जिसके लिए उन्हें पैसा दिया जा रहा है, इसकी मॉनिटरिंग का कोई सिस्टम नहीं है।

# क्या आपको भी लगती है ज्यादा ठंड, तो हो सकती है कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या, जानें इस बीमारी के बारे में



सर्दी के मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ना सिर्फ इंफेक्शन बल्कि कई ऐसी बीमारियां होती है जिनका नाम तक शायद आपने नहीं सुना होगा. उन्हीं में से एक है कोल्ड इनटॉलरेंस. जी हां यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर ठंडा पड़ जाता है और आपको बहुत ज्यादा ठंड लगती है. इतना ही नहीं कोल्ड इनटॉलरेंस होने से खून की कमी से लेकर थायराइड की बीमारी भी हो सकती है, आइए आज हम आपको बताते हैं कोल्ड इनटॉलरेंस के बारे में.

### क्या होता है कोल्ड इनटॉलरेंस

डॉक्टर्स का मानना है कि अगर किसी इंसान को बहुत ज्यादा ठंड लगती है या कोई व्यक्ति कोल्ड टेंपरेचर के लिए काफी सेंसिटिव होता है, तो इस स्थिति को कोल्ड इनटॉलरेंस कहा जाता है. सिर्फ सर्दी के मौसम में नहीं ऐसे लोगों को कूलर, एसी या हवा के पास बैठने पर भी सर्दी का एहसास होता है और कई बार कोल्ड इनटॉलरेंस लोगों को सीत की समस्या भी होने लगती है.

### कब होती है कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या

कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या क्यों होती है? तो एक्सपट्र्स का मानना है कि हमारी बॉडी का जो टेंपरेचर है वह अलग–अलग सिस्टम से कंट्रोल किया जाता है. दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस शरीर के तापमान को रेगुलेट करने के लिए थर्मीस्टेट के तौर पर काम करता है. यह दिमाग को मैसेज भेजता है जिसकी मदद से बॉडी में हीट प्रोडक्शन या कोल्ड प्रोडक्शन को कंट्रोल किया जाता है.

### कोल्ड इनटॉलरेंस से कैसे बचें

अब बात आती है कि कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या से कैसे बचा जाए, तो इसके लिए जिन लोगों को बहुत ज्यादा ठंड लगती है उन्हें गर्म कपड़े पहनकर ही पूरे समय रहना चाहिए. इतना ही नहीं पूरी बॉडी को वार्मर से कवर करें और उसके ऊपर अपने रेगुलर कपड़े पहनें. अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा सेंसिटिव है तो आप सॉफ्ट वूलन का इस्तेमाल करें, क्योंकि कई बार कोल्ड इनटॉलरेंस की समस्या के कारण शरीर में चकत्ते भी पडऩे लगते हैं.

# आमदनी का अनुमान

**सत्येन्द्र रंजन**

अमेरिकी इन्वेस्टमैंक गोल्डमैन शैक्स ने भारतीय बाजार के बारे में एक नई रिपोर्ट पेश की है। उसके मुताबिक भारत में महंगी वस्तुओं (यानी प्रीमियम गुड्स) का बाजार अब छह करोड़ लोगों का हो चुका है है। गोल्डमैन शैक्स ने अनुमान लगाया है कि 2027 तक भारतीय बाजार दस करोड़ लोगों का हो जाएगा। इस इन्वेस्टमेंट बैंक ने प्रीमियम गुड्स के बाजार में उन लोगों को शामिल किया है, जिनकी सालाना आमदनी दस हजार डॉलर (यानी लगभग साढ़े आठ लाख रुपये) से ज्यादा है। ज.भारत में 70 हजार रुपये से अधिक आय वर्ग में आने वाले लोगों की संख्या सिर्फ छह करोड़ है। उससे नीचे की सारी आबादी इस आय से कम पर गुजारा कर रही है।

चालू वित्त वर्ष में भारत सरकार ने प्रत्यक्ष करों से 17.2 लाख करोड़ रुपये की आमदनी का अनुमान लगाया था। सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दिसंबर की समाप्ति तक सरकार 14.7 लाख करोड़ की रकम इस माध्यम से वसूल चुकी थी। यानी 2023–24 के लिए तय लक्ष्य का 81 प्रतिशत हासिल कर लिया गया था। चूंकि हमेशा ही आखिरी तीन महीनों में सबसे ज्यादा कर्ज उगाही होती है, इसलिए सरकार का यह अनुमान दुरुस्त है कि इस वित्त वर्ष में उसे लक्ष्य से भी ज्यादा प्रत्यक्ष कर प्राप्त हो सकते हैं।

किसी अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष करों से अधिक राजस्व जुटाने को एक स्वस्थ नीति माना जाता है। प्रत्यक्ष कर समृद्ध तबकों से आता है, जबकि परोक्ष कर का सभी तबकों पर– चाहे वे धनी हों या गरीब समान बोझ पड़ता है। दरअसल, अगर माली हालत को पैमाना बना कर समझें, तो गरीब तबकों को अपनी कमजोर स्थिति के कारण यह बोझ ज्यादा महसूस होता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), उत्पाद शुल्क, विभिन्न प्रकार के उप कर (सेस) आदि के जरिए परोक्ष करों का भारी बोझ लोगों पर डाला है। इसका परिणाम यह हुआ कि एक समय परोक्ष करों से होने वाली आमदनी प्रत्यक्ष करों की तुलना में ज्यादा हो गई। लेकिन अब एक बार फिर प्रत्यक्ष करों से अधिक आमदनी की स्थिति बन गई है।

ये दीगर बात है कि परोक्ष करों में कोई कमी नहीं हुई है। यानी आम जन पर टैक्स की भारी मार अब भी पड़ रही है। लेकिन इस बीच अर्थव्यवस्था के स्वरूप को इस तरह ढाला गया है, जिससे प्रत्यक्ष करों से आमदनी में भारी इजाफा हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि सरकार के ज्यादा से ज्यादा संसाधनों को कुछ हाथों में सौंपने की नीति काफी आगे बढ़ चुकी है। आबादी की निम्न श्रेणियों से ऊपरी श्रेणियों की तरफ धन ट्रांसफर करने की इस नीति के तहत ऊपरी टॉप पांच से दस प्रतिशत लोगों की आमदनी एवं धन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। कॉरपोरेट सेक्टर में मोनोपॉली को प्रोत्साहित करने की नीति सरकार ने अपना रखी है, जिससे कुछ कंपनियों की आय में भारी इजाफा हुआ है। नतीजा है कि ऐसे व्यक्ति और कंपनियां अधिक इनकम टैक्स एवं कॉरपोरेट टैक्स दे रहे हैं।

इसके अलावा अर्थव्यवस्था का अधिक से अधिक वित्तीयकरण करने की राह पर भी सरकार चली है। इस तरह शेयर, ऋण, बॉन्ड बाजार में निवेश को बढ़ावा दिया गया है। इससे लाखों की संख्या में नए लोगों ने शेयर खरीद–बिक्री के कारोबार में कदम रखा है। बहुत से ऐसे लोग जो प्रत्यक्ष रूप से इस कारोबार में नहीं हैं, उन्होंने म्युचुअल फंड्स के जरिए शेयर बाजार में पैसा लगाया है। इन कारणों से शेयर मार्केट तेजी से चढ़ा है। इसका लाभ इस बाजार से जुड़े तमाम लोगों को मिला है।

चूंकि ऐसी हर आमदनी पर लोगों को टैक्स देना होता है, अतः इसका फायदा सरकार को भी मिल रहा है। अल्पकालिक पूंजीगत निवेश कर और लाभांश कर से अब सरकार को काफी राजस्व प्राप्त हो रहा है।

अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने का परिणाम है कि भारत के प्रीमियम बाजार में विस्तार हुआ है। इससे पश्चिमी कंपनियों और



अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष करों से अधिक राजस्व जुटाने को एक स्वस्थ नीति माना जाता है। प्रत्यक्ष कर समृद्ध तबकों से आता है, जबकि परोक्ष कर का सभी तबकों पर– चाहे वे धनी हों या गरीब समान बोझ पड़ता है। दरअसल, अगर माली हालत को पैमाना बना कर समझें, तो गरीब तबकों को अपनी कमजोर स्थिति के कारण यह बोझ ज्यादा महसूस होता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), उत्पाद शुल्क, विभिन्न प्रकार के उप कर (सेस) आदि के जरिए परोक्ष करों का भारी बोझ लोगों पर डाला है। इसका परिणाम यह हुआ कि एक समय परोक्ष करों से होने वाली आमदनी प्रत्यक्ष करों की तुलना में ज्यादा हो गई।

निवेशकों के लिए भारत एक आकर्षक जगह बना है। गौरतलब है कि कंपनियां और इन्वेस्टमेंट बैंक किसी अर्थव्यवस्था के आकार का आकलन वहां मौजूद उपभोक्ता वर्ग की आमदनी और क्रय शक्ति के आधार पर करती हैं। इसलिए बोलचाल में भले भारत को एक अरब 40 करोड़ लोगों का बाजार कहा जाता हो, लेकिन असल में किसी कंपनी की निगाह में बाजार से मतलब उन लोगों से होता है, जो उसके उत्पाद खरीद सकने की क्षमता रखते हों।

अब अमेरिकी इन्वेस्टमैंक गोल्डमैन शैक्स ने भारतीय बाजार के बारे में एक नई रिपोर्ट पेश की है। उसके मुताबिक भारत में महंगी वस्तुओं (यानी प्रीमियम गुड्स) का बाजार अब छह करोड़ लोगों का हो चुका है है। गोल्डमैन शैक्स ने अनुमान लगाया है कि 2027 तक भारतीय बाजार दस करोड़ लोगों का हो जाएगा। इस इन्वेस्टमेंट बैंक ने प्रीमियम गुड्स के बाजार में उन लोगों को शामिल किया है, जिनकी सालाना आमदनी दस हजार डॉलर (यानी लगभग साढ़े आठ लाख रुपये) से ज्यादा है।

बैंक का अनुमान है कि 2015 में इस आय वर्ग में दो करोड़ 40 लाख लोग थे। पिछले नौ वर्षों में इन तबके की संख्या दो गुना से भी ज्यादा बढ़ी है। इसका फायदा जेवरात और महंगी कारों के उद्योग के साथ–साथ सेवा क्षेत्र में पर्यटन, रेस्तरां, होटल, और हेल्थकेयर के कारोबार को भी मिला है। चूंकि आने वाले तीन वर्षों में इस आय वर्ग के लोगों की संख्या में और वृद्धि का अनुमान है, इसलिए ऐसे कारोबार से जुड़ी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार का आकर्षण बढऩा स्वाभाविक है। और इन वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री पर जीएसटी लगता है, तो इस परोक्ष कर से सरकार की अधिक आमदनी भी लाजिमी है।

गोल्डमैन शैक्स ने कहा है– "पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में वित्तीय एवं ठोस संपत्तियों में महत्त्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप धन में वृद्धि हो रही है। हालांकि सोना और जायदाद में धन के निवेश की प्रवृत्ति बनी हुई है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में एक बड़ा बदलाव यह देखा गया है कि लोग सीधे शेयर खरीदने या फिर म्युचुअल फंड्स के जरिए शेयर बाजार में अधिक पैसा लगा रहे हैं।"

लेकिन इसी रिपोर्ट में आमदनी की सर्वोच्च और मध्य श्रेणियों में शामिल लोगों के बीच खर्च क्षमता बढऩे की हकीकत का भी जिक्र है। इसमें इस बात की ओर ध्यान खींचा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद आज भी तीन हजार डॉलर से कम है। (असल में यह ढाई हजार डॉलर के आसपास ही है।) रिपोर्ट में जिक्र है कि भारत में 96 करोड़ लोगों के पास डेबिट कार्ड हैं और सवा नौ करोड़ लोगों के पास पोस्ट पेड मोबाइल फोन कनेक्शन हैं। इसके बावजूद सिर्फ तीन करोड़ ऐसे लोग हैं, जिनके पास अपना वाहन (यानी कार) रखने की क्षमता है।

इस रिपोर्ट का अर्थ है कि भारत में 70 हजार रुपये से अधिक आय वर्ग में आने वाले लोगों की संख्या सिर्फ छह करोड़ है। उससे नीचे की सारी आबादी इस आय से कम पर गुजारा कर रही है। यह वो तबका है, जिसकी वास्तविक आय गिरी है। उसका एक कारण तो जीएसटी भी है। दूसरा कारण महंगाई है।

दिसंबर में मुद्रास्फीति दर चार महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर यानी 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। लेकिन उसके बीच गौरतलब तथ्य है कि दिसंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 9.5 प्रतिशत रही। शहरों में तो यह दस फीसदी से ऊपर रही।

भोजन सबसे अनिवार्य खर्च है। इसकी महंगाई दर वर्षों से आम मुद्रास्फीति दर से ऊपर बनी हुई है। यह अर्थशास्त्र की एक आम समझ है कि जिस परिवार की आमदनी जितनी कम होती है, उसका भोजन पर खर्च आय के अनुपात में उतना ही ज्यादा होता है। तो समझा जा सकता है कि गरीब और सामान्य वर्ग पर खाद्य महंगाई की अधिक मार पड़ती है। इसलिए उसकी आमदनी की क्रय–शक्ति गिरती गई है।

एक तथ्य यह भी है कि महंगाई बढऩे के साथ सरकार की जीएसटी से होने वाली आमदनी भी बढ़ती है। सरकार यह टैक्स प्रतिशत में लेती है। तो 18 प्रतिशत टैक्स दायरे वाली कि एक वस्तु की कीमत दस रुपया होने पर सरकार को अगर एक रुपया 80 पैसे मिलेंगे, लेकिन उस वस्तु की कीमत 12 रुपया हो जाए, तो सरकार को दो रुपये छह पैसे का राजस्व मिलेगा। जीएसटी से अधिक उगाही के पीछे एक भी एक प्रमुख कारण है। निहितार्थ यह कि गैर बराबरी की अर्थव्यवस्था समाज के ऊपरी आय वर्गों के लिए अत्यंत लाभदायक है, वहीं यह सरकार के लिए भी फायदे की बात है। इन दोनों के फायदों का नुकसान बाकी आबादी को हो रहा है। इसके बावजूद सत्ताधारी दल लोकप्रिय बना हुआ है, तो उसका अपना गतिशास्त्र है। दरअसल भारत की आज की राजनीतिक अर्थव्यवस्था (पॉलिटिकल इकॉनमी) को अगर समझना हो, तो ताजा सामने आए आंकड़े बेहद काम के हैं। आखिर जिसे हम लोकतंत्र कहते हैं, अक्सर उसमें वही पार्टियां सफल होती हैं, जिन्हें उस समाज के समृद्ध वर्ग का समर्थन हासिल हो। इसी वर्ग के पास पार्टियों को चंदा देने, उनके लिए प्रचार तंत्र जुटाने और किसी नैरेटिव को लोकप्रिय बना देने की क्षमता होती है। बाकी वर्गों के मतदाता उन्हीं नैरेटिव्स से प्रेरित होते हैं। समृद्ध तबके अपना दांव उस पार्टी पर लगाते हैं, जिसकी नीतियां उन्हें अपने हितों के अनुकूल लगती हैं। फिलहाल यह समर्थन अगर भारतीय जनता पार्टी के साथ है, तो क्यों, यह उपरोक्त आंकड़ों से बेहतर समझा जा सकता है।

# अयोध्या में हर साल पहुंचेंगे 10 करोड़ भक्त, मक्का और वेटिकन का भी टूटेगा रिकॉर्ड

अयोध्या ,अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के साथ ही 500 सालों का इंतजार खत्म हो गया। भारत और दुनिया के तमाम देशों में रह रहे राम भक्तों के लिए यह भावुक करने वाला क्षण था। अब अयोध्या में भक्तों का सैलाब उमड़ सकता है। अनुमान है कि एक साल में राम मंदिर जाने वालों की संख्या 10 करोड़ तक हो सकती है, जो दुनिया के किसी भी धार्मिक स्थल से ज्यादा होगी। मक्का में सालाना 2 करोड़ लोग ही जाते हैं, जबकि वेटिकन पहुंचने वालों का आंकड़ा 90 लाख ही है। इस लिहाज से देखें तो राम मंदिर इन सभी से कहीं आगे होगा।इसके अलावा भारत में ही काशी के विश्वनाथ धाम, अमृतसर के पवित्र स्वर्ण मंदिर, दक्षिण में आस्था के बड़े केंद्र तिरुपति मंदिर और वैष्णो देवी धाम से भी कहीं ज्यादा लोगों के राम मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। काशी विश्वनाथ धाम में बीते दो सालों को मिलाकर देखें तो



13 करोड़ लोग पहुंचे थे, जो बहुत बड़ा आंकड़ा है। अब उससे भी कहीं आगे राम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग सकता है। यही नहीं इससे यूपी सरकार के राजस्व में भी बड़े उछाल की उम्मीद है। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के चलते यूपी सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 25 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिल सकता है।आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में हर साल 2.5 करोड़ लोग जाते हैं। भगवान वेंकटेश्वर के इस पवित्र मंदिर की दुनिया भर में मान्यता है और बड़े पैमाने पर लोग दान भी करते हैं। वहीं वैष्णोदेवी में साल भर में करीब 90 लाख लोग जाते हैं। इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल मक्का जाने वाले लोगों की संख्या सालाना 2 करोड़ तक है। यहां की मस्जिद और काबा के लिए दुनिया भर से लोग पहुंचते हैं। गौरतलब है कि राम मंदिर का निर्माण 2022 में चल ही रहा था। तब भी अयोध्या में 2.21 करोड़ लोग पहुंचे थे। इससे समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में क्या आंकड़ा हो सकता है।

हर साल ही राम मंदिर में करीब 10 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है, जो पूरी इंडस्ट्री के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। अयोध्या में होटल इंडस्ट्री, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एफएमसीजी कारोबार में भी तेजी से उछाल आने की उम्मीद है।

## पटना में दो भाइयों ने बलात्कार की कोशिश में असफल होने पर दो बहनों को पीटा

पटना , पटना के बाहरी इलाके के एक गांव में दो भाइयों ने घर में घुसकर दो बहनों के साथ बलात्कार करने की कोशिश की, असफल होने पर दोनों बहनों को पीटा और बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़िताओं के शोर मचाने पर वे दोनों भाग गए। घटना धनरुआ थाने के एक गांव में शनिवार की रात उस समय हुई, जब परिवार के लोग किसी काम से घर से बाहर चले गए थे। आरोपी राहुल कुमार उर्फ लोहा सिंह और रोहित कुमार उर्फ चंपक उर्फ पंडित ने पीड़िताओं के घर में घुसकर उनका यौन शोषण करने की कोशिश की। आरोपियों के पास पिस्तौल और लोहे की रॉड थी। पीड़िताओं ने जब शोर मचाया, तब दोनों बदमाशों ने पिस्तौल की बट और रॉड से उन पर हमला कर दिया, जिससे दोनों बहनों के हाथ और पैर टूट गए। ग्रामीणों के जुटने से पहले आरोपी भाग गए। पीड़िताओं को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया है। धनरुआ पुलिस स्टेशन के एसएचओ राजेश कुमार ने कहा, पीड़िताओं के बयान के आधार पर हमने राहुल और रोहित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। राहुल ने जेल की सजा भी काटी है और वह एक कुख्यात अपराधी है। हम उन्हें पकड़ने के प्रयास कर रहे हैं।

# पीएम मोदी ने पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस को किया नमन, लाल किले में कार्यक्रम में भी होंगे शामिल

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर उनके जीवन और साहस का सम्मान करते हुए उन्हें नमन किया है। उनकी जयंती को देशभर में पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को लाल किले में पराक्रम दिवस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उन्होंने नेताजी के जीवन और साहस को याद करते हुए उनके बारे में दिए गए अपने भाषणों के कुछ वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, पराक्रम दिवस पर भारत के लोगों को शुभकामनाएं। आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उनके जीवन और साहस का सम्मान करते हैं। देश की आजादी के प्रति उनका अटूट समर्पण प्रेरणा देता रहता है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री मंगलवार शाम 6:30 बजे लाल किले में पराक्रम दिवस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे जहां



नेताजी और आजाद हिंद फौज की विरासत का स्मरण होगा। इस दौरान वह गणतंत्र दिवस की झांकी तथा सांस्कृतिक प्रदर्शनियों के साथ देश की समृद्ध विविधता दिखाने वाले भारत पर्व का भी उद्घाटन करेंगे।

स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान लोगों के योगदान का सम्मान करने के लिए कदम उठाने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को 2021 से पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष लाल किले में आयोजित होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक प्रतिबिंबों तथा जीवंत सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को एक साथ बुनने वाला बहुआयामी उत्सव होगा। आगंतुकों को अभिलेखागार की प्रदर्शनियों, दुर्लभ तस्वीरों तथा दस्तावेजों के प्रदर्शन के माध्यम से नेताजी और आजाद हिंद फौज की उल्लेखनीय यात्रा के विवरण वाले गहन अनुभव से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

भारत पर्व 31 जनवरी तक चलेगा। यह गणतंत्र दिवस झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शनों के साथ देश की समृद्ध विविधता को दिखाएगा। इसमें 26 मंत्रालयों और विभागों के प्रयास शामिल होंगे। इसमें नागरिक केंद्रित पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा, वोकल फॉर लोकल, विविध पर्यटक आकर्षण को विशिष्ट रूप से दिखाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद : बंद फ्लैट में लगी भीषण आग, सामान जलकर राख

गाजियाबाद , गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में बनी एक सोसाइटी के फ्लैट में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां रवाना की गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि फ्लैट बंद था और इसमें कोई मौजूद नहीं था। फ्लैट में रखा सामान जलकर राख हो गया है। फायर विभाग गाजियाबाद के सीएफओ से मिली जानकारी के मुताबिक, जनपद ग़ाज़ियाबाद के फ़ायर स्टेशन कोतवाली में बीती रात 11:10 बजे कॉस मॉस गोल्डन सोसाइटी में शांति निवास फ्लैट नम्बर-1401 क्रॉसिंग रिपब्लिक में आग की सूचना मिली थी। फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित दो फायर टैंकर और यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग एक बन्द फ्लैट में लगी थी और आग की लपटे, काला धुआँ बहुत तेज था। फ़ायर यूनिट ने कड़ी मक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आग को पूर्णरूप से शांत किया। आग को आसपास के घरों में फैलने से रोक लिया गया। आग के कारण फ्लैट में एक कमरे में रखा घरलू सामान जल गया, इसमें कोई जन हानि नहीं हुई है।

### तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने असम में राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर हमले की निंदा की

हैदराबाद ,तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भाजपा शासित असम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर कथित हमले की निंदा की। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर 'सुनियोजित हमलों' की कड़ी निंदा करते हैं।

उन्होंने लिखा, जिस पार्टी ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, उस पर हमलाज् बेहद शर्मनाक है। वे डरा रहे हैं, लेकिन इससे आगे बढऩे का हमारा संकल्प और मजबूत होगा। इस बीच, कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की यात्रा पर हमले की निंदा की और विरोध में हैदराबाद में कैंडल लाइट मार्च निकाला। तेलंगाना में पार्टी मामलों की कांग्रेस प्रभारी दीपा दास मुंशी और सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग राज्यमंत्री डी. श्रीधर बाबू ने सोमवार रात मोमबत्ती की रोशनी रैली में भाग लिया। बशीरबाग में बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा से लेकर हुसैन सागर झील के पास अंबेडकर प्रतिमा तक विरोध प्रदर्शन किया गया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, पूर्व सांसद मधु यशकी गौड़ और अन्य नेताओं ने मोमबत्ती की रोशनी रैली में भाग लिया।

# राम मंदिर में रोजाना होगी छह बार आरती श्रीरामलला को लगाया जाएगा इन खास चीजों का भोग

अयोध्या ,राम मंदिर, जिसे अब 'बालक राम मंदिर' के नाम से जाना जाता है, में दिन में छह बार 'आरती' की जाएगी।

भगवान के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद उनकी पूजा और आरती में भी बदलाव होने जा रहा है। पूरी विधि को व्यवस्थित कर दिया गया है।

राम लला के पुजारियों के प्रशिक्षक आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा, अब 24 घंटे के आठों पहर रामलला की अष्टयाम सेवा होगी। इसके अलावा छह बार आरती की जाएगी। आरती में शामिल होने के लिए पास जारी किये जायेंगे। अब तक रामलला विराजमान की दो आरती हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब आरतियों में मंगला, श्रृंगार, भोग, उत्थापन, संध्या और शयन आरती शामिल होंगी।

मंगला आरती भगवान को जगाने के लिए होती है। श्रृंगार आरती में भगवान का श्रृंगार किया जाएगा। भोग आरती में पूड़ी-सब्जी-खीर का भोग लगाया जाएगा। रामलला पर लगी बुरी नजर को दूर करने के लिए उत्थापन आरती की जाती है। शाम को संध्या आरती की जाती है और फिर भगवान को शयन कराने से पहले शयन आरती की जाती है।

रामलला को पूड़ी-सब्जी, रबड़ी-खीर के अलावा दोपहर में हर घंटे दूध, फल और पेड़े का भी भोग लगाया जाएगा। रामलला सोमवार को सफेद, मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को क्रीम, शनिवार को नीला और रविवार को गुलाबी वस्त्र धारण करेंगे। विशेष दिनों में भगवान पीले वस्त्र धारण करेंगे। सुबह 6 बजे से दर्शन होंगे।

## परनीत कौर नहीं होंगी पटियाला से कांग्रेस उम्मीदवार : राजा वड़िंग

चंडीगढ़ ,कांग्रेस ने पंजाब के पूर्व कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं सांसद परनीत कौर को कांग्रेस से निलंबित कर दिया है। उक्त जानकारी पंजाब कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग ने दी है। राजा वड़िंग ने कहा कि सस्पेंड परनीत कौर इस बार पटियाला से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी में माहौल खराब करने वाले को नोटिस जारी करके बाहर निकाला जाएगा क्योंकि कांग्रेस में पार्टी से बड़ा कोई नहीं है।

## बिहार में गरमाई सियासत, नीतीश कुमार और राज्यपाल की मुलाकात पर सियासी कयासबाजी

पटना ,बिहार में मंगलवार को सियासत फिर गरमा गई।सियासत गरमाने की वजह थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात।ये मुलाकात करीब 40 मिनट तक हुई।घटनाक्रम को देखते हुए प्रदेश में बड़ा परिवर्तन होने की सियासी कयासबाजी जारी है।

हालांकि, अभी तक जदयू, राजद और कांग्रेस जैसी आईएनडीआईए में शामिल सभी पार्टियों की ओर से यही कहा गया है कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक है। मुलाकात के बाद सीएम राजभवन से निकल गए । उन्होंने पत्रकारों से बात नहीं की। इधर, पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा- खेला होबे। हालांकि राजद ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है।

# सुरमयी प्रस्तुतियों व संस्कृति के रंगों से सजी रामनगरी, पद्मश्री मालिनी अवस्थी के गीतों से सुरमयी हुई रामनगरी की सांझ

अयोध्या , श्रीराम मंदिर में एक तरफ रामलला विराजमान हो रहे थे तो दूसरी तरफ सुबह से ही लोग रामनगरी में समूचे भारत की सांस्कृतिक गतिविधियों से रूबरू हो रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना सांस्कृतिक अयोध्या का दिव्य रूप सोमवार को ही दिख गया, जब 100 से अधिक मंचों पर सुरमयी प्रस्तुतियों से संस्कृति के विविध रंग दिखे। यह न सिर्फ अयोध्यावासियों, बल्कि बाहर से आये अभ्यागतों के लिए भी गौरव का क्षण रहा। सुबह की ठंड भी कलाकारों के हौसले न डिगा पाई। रामनगरी में सोमवार की सुबह कलाकारों के इंद्रधनुषी रंग में रंगी नजर आई तो सांझ मालिनी अवस्थी- कन्हैया मित्तल के गीतों से सुरमयी हो उठी।

प्राण-प्रतिष्ठा पर रामनगरी में सिर्फ अवध ही नहीं, बल्कि पूरा उत्तर प्रदेश नजर आया। डमरू वादन, शंख वादन से अतिथि देवो भवः की परंपरा का साक्षात्कार कराया गया। धोबिया लोकनृत्य, फरुआही नृत्य से माटी की खुशबू बिखरी तो गोरखपुर के वनटांगिया जनजातीय लोकनृत्य का दीदार कर हर आंखों में चमक दिखी। अवधी व उत्तरांचल के नृत्य से अभ्यागतों का स्वागत किया गया। बम रसिया, मयूर लोकनृत्य से ब्रज की खुशबू से अवध महक उठा। राई लोकनृत्य, आदिवासी नृत्य आदि पेश किया गया। धर्मपथ से लेकर रामपथ, जन्मभूमि पथ के पहले, एयरपोर्ट, लता चौक के पास व अन्य कई स्थानों पर नृत्य, वादन व गायन का लोगों ने आनन्द उठाया।

### अयोध्या के राजा भारत है आपका

रामनगरी में प्राण-प्रतिष्ठा की सांझ पद्मश्री मालिनी अवस्थी तथा कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों से सुरमयी हुई। तुलसी उद्यान पर मालिनी अवस्थी ने प्रस्तुति दी तो रामकथा पार्क में कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति पर पूरी अयोध्या राम-राम पर नृत्य कर उठी। कन्हैया ने जैसे ही अयोध्या के राजा, भारत हिग आपकाज् सुनाया, लोग थिरकने लगे। इसके बाद उनकी प्रस्तुति श्रोताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी। तुलसी उद्यान में उज्जैन के शर्मा बंधुओं ने भजनों की सुर गंगा में डुबकी लगवाई। इसी अवधि में राम कथा पार्क नागपुर के वाटेकर सिस्टर्स की प्रस्तुति हुई।

# टेस्ट सीरीजः विराट कोहली नहीं खेलेंगे पहले 2 टेस्ट, ये खिलाड़ी हैं उनकी जगह के दावेदार



नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 25 जनवरी से 5 मैच की टेस्ट सीरीज शुरू हो रही है। सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है।दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले 2 टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। अब भारतीय टीम को उनकी जगह मध्यक्रम में उनके जैसे ही एक शानदार बल्लेबाज की जरूरत है।ऐसे में आइए जानते हैं कौन-कौन खिलाड़ी उनकी जगह के लिए दावेदार हैं।

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मुकाबले के लिए इंडिया- ए की टीम में भी शामिल किया गया है।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस खिलाड़ी के आंकड़े भी कमाल के हैं।उन्होंने 44 मैच की 65 पारियों में 57.57 की औसत से 3,109 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 शतक और 20 अर्धशतक निकले हैं। वह 11 बार नाबाद रहे हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 163 रन है।

रजत पाटीदार ने भारत- ए के लिए खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले मुकाबले में शानदार शतक लगाया है। वह घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन भी करते आए हैं।हाल ही में उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना डेब्यू भी किया था।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रजत ने 55 मैच खेले हैं और 45.97 की उम्दा औसत से साथ 4,000 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 12 शतक और 22 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 196 रन रहा है।

सरफराज खान भारतीय क्रिकेट का एक ऐसा नाम हैं, जिनकी चर्चा हर टेस्ट सीरीज से पहले टीम में चयन को लेकर जरूर होती है।हालांकि, उन्हें अभी तक मौका नहीं मिल पाया है। कोहली के टीम में ना होने से चयनकर्ता उनकी ओर भी देख सकते हैं।सरफराज ने प्रथम श्रेणी में अब तक 44 मैच खेले हैं। इसकी 65 पारियों में 68.20 की औसत से 3,751 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 13 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।

अभिमन्यु ईश्वरन को भी कोहली की जगह टीम में मौका मिल सकता है। घरेलू क्रिकेट में यह खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आया है।वह रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए भी खेल चुके हैं।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने 90 मैच खेले हैं। इसकी 155 पारियों में 13 बार नाबाद रहते हुए 46.40 की औसत से 6,589 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 22 शतक और 26 अर्धशतक निकले हैं।

# एएफसीओएन के दौरान मांसपेशियों में चोट लगने के कारण सालाह 3-4 सप्ताह के लिए बाहर रहेंगे



लंदन, प्रीमियर लीग के लीडर लिवरपूल ने पुष्टि की है कि अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) में मोहम्मद सलाह की हैमस्ट्रिंग चोट पहले सोच से कहीं अधिक गंभीर है, खिलाड़ी के एजेंट ने कहा कि मिस्र के खिलाड़ी को 21-28 दिनों के लिए बाहर किया जा सकता है। पिछले गुरुवार को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में घाना के खिलाफ अपने देश के ग्रुप-स्टेज मैच के पहले भाग के दौरान फॉरवर्ड को चोट लगी थी और शुरुआत में उन्हें केवल दो गेम के लिए बाहर रखा गया था। लेकिन क्लब की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि सालाह अब बुधवार को लिवरपूल लौटेंगे और पिछले सप्ताह मांसपेशियों में लगी चोट पर लिवरपूल की मेडिकल टीम के साथ गहन पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। चोट, जो पहले आशंका से भी बदतर थी, ने घाना के साथ अफ्रीका कप ऑफ नेशंस मैच के पहले भाग में फारवर्ड को मैदान से बाहर जाने के लिए मजबूर किया और सालाह को लिवरपूल में इलाज कराने के लिए, मिस्र एफए के साथ एक समझौता किया गया है। जोड़ा गया. इससे पहले, सलाह के एजेंट रामी अब्बास इस्सा ने सोशल मीडिया पर एक बयान में पोस्ट किया था कि उनका मुवक्किल चार सप्ताह तक कार्रवाई से बाहर रहेगा। मोहम्मद की चोट पहले सोच से अधिक गंभीर है और वह 2 मैचों के लिए नहीं, बल्कि 21-28 दिनों के लिए बाहर रहेंगे। मौजूदा एएफसीओएन में भाग लेने का उनका सबसे अच्छा मौका यूके में गहन पुनर्वास से गुजरना और टीम में फिर से शामिल होना है। अब्बास ने एक्स पोस्ट में लिखा, जैसे ही वह फिट होंगे। बयान में आगे कहा गया हैः क्लब और देश के लिए जल्द से जल्द एक्शन में वापस आने के उद्देश्य से सलाह मर्सीसाइड लौटने पर तुरंत क्लब के मेडिकल स्टाफ के साथ काम करना शुरू कर देंगे, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धा में लौटने का सबसे अच्छा मौका मिलेगा। एएफसीओएन में अगर मिस्र, जिसने आज रात केप वर्डे के खिलाफ 2-2 से ड्रा के साथ नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया, टूर्नामेंट में आगे बढ़ना जारी रखेगा।

# आईसीसी की वनडे टीम ऑफ द ईयर में 6 भारतीय शामिल, रोहित शर्मा चुने गए कप्तान



नईदिल्ली, इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं।इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में चुना है।विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे।वनडे टीम ऑफ द ईयरः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।

# डब्ल्यूपीएल 2024 के शेड्यूल का हुआ ऐलान



नईदिल्ली, विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। पहला मैच पिछले सीजन की चैंपियन रही मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा।यह मैच 23 फरवरी को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।साल 2024 के संस्करण में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

ये है पूरा शेड्यूल-1

23 फरवरी- मुंबई बनाम दिल्ली24 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स25 फरवरी- गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई26 फरवरी- यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली27 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स28 फरवरी- मुंबई बनाम यूपी वॉरियर्स29 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली1 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स2 मार्च- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई3 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली

ये है पूरा शेड्यूल-2

4 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु5 मार्च- दिल्ली बनाम मुंबई6 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर7 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई8 मार्च- दिल्ली बनाम यूपी वॉरियर्स9 मार्च- मुंबई बनाम गुजरात जायंट्स10 मार्च- दिल्ली बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर11 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स12 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर13 मार्च- दिल्ली बनाम गुजरात जायंट्स15 मार्च- एलिमिनेटर17 मार्च- फाइनल

इस फॉर्मेट में खेला जाएगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी टीमें दिल्ली जाएंगी, जहां और सभी मैच खेले जाएंगे।ग्रुप स्टेज में 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में खेलेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है। हर दिन 1 ही मैच होगा।

पिछले साल इन खिलाड़ियों ने बनाए थे सबसे

पिछले साल डब्ल्यूपीएल में मेग लैनिंग ने सबसे ज्यादा 345 रन बनाए थे। हेले मैथ्यूज ने 10 मैच में 16 विकेट लिए थे। इस सीजन टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। इसे जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 पर देखा जा सकता हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम पिछले 12 साल से घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज नहीं हारी




नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैच की टेस्ट सीरीज का आगाज 25 जनवरी से होने जा रहा है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला जाएगा।घरेलू मैदान पर भारतीय टीम पिछले 12 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम को आखिरी बार इंग्लैंड की टीम ने ही साल 2012 में हराया था।

साल 2012 के बाद भारत ने 14 टेस्ट सीरीज घरेलू सरजमीं पर खेली है। इससे अलग दो 1-1 मैच की सीरीज बांग्लादेश क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली गई थी।1 टेस्ट मैच की सीरीज को मिला दें तो टीम ने 16 टेस्ट सीरीज अपने नाम की है।इन सभी सीरीज में भारतीय टीम ने 46 में से 36 मुकाबले जीते हैं, 7 मैच ड्रॉ रहे और 3 मुकाबलों में टीम को हार मिली।

साल 2012 के बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3 बार (2013, 2017, 2023), वेस्टइंडीज को 2 बार (2013, 2018), दक्षिण अफ्रीका को 2 बार (2015, 2019), न्यूजीलैंड को 2 बार (2016, 2021), इंग्लैंड को 2 बार (2016, 2021), श्रीलंका को 2 बार (2017, 2022), बांग्लादेश को 2 बार (2017, 2019) और अफगानिस्तान (2018) को 1 बार हराया है।बता दें, 41 साल में भारत को अपनी सरजमीं पर सिर्फ 6 टेस्ट सीरीज में हार मिली है।

साल 2012-13 में एलिस्टर कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर आई थी। सीरीज में 4 टेस्ट मैच खेले गए थे। पहले टेस्ट में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम को 9 विकेट से जीत मिली थी।इसके बाद लगातार 2 टेस्ट मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए।दूसरे टेस्ट में उन्हें 10 विकेट से जीत मिली और तीसरा टेस्ट मैच उन्होंने 7 विकेट से अपने नाम किया था। आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा था।

भारत और इंग्लैंड के बीच भारतीय सरजमीं पर 64 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 22 मैच में जीत मिली है। 14 मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए हैं, 28 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की बात करें तो दोनों टीम के बीच 131 मुकाबले खेले गए हैं।31 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 50 मैच इंग्लैंड ने अपने नाम किए हैं, वहीं 50 मैच ड्रॉ रहे हैं।

भारतीय खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 32 मैच की 53 पारियों में 51.73 की औसत से 2,535 रन निकले हैं।सक्रिय खिलाड़ियों में विराट कोहली ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 28 मैच की में 1,991 रन बनाए हैं।गेंदबाजी में भागवत चंद्रशेखर ने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 23 मैच में 95 विकेट लिए हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में रविचंद्रन अश्विन (88) के नाम सबसे ज्यादा विकेट है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com